Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a permanent bridge on Gangotri National Highway in Uttarkashi district of Uttarakhand

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के जनपद उत्तरकाशी की ओर दिलाना चाहती हूँ। वऐऩ 2017 की भीऐण बाढ़ और आपदा में जनपद उत्तरकाशी के गंगोत्री राऐट्रीय राजमार्ग पर बना मोटर पुल बह गया था और तभी से बी.आर.ओ. ने गंगोत्री में ़वेली ब्रिज ़ का निर्माण किया जो कि अस्थाई था। परंतु 14 दिसम्बर, 2017 को ़वेली ब्रिज ़ भी टूट गया है, जिसके कारण चीन सीमा से लगे सैंकड़ों गांवों सहित गंगोत्री तीर्थ सहित चीन सीमा में तैनात सेना का सम्पर्क देश के साथ सड़क मार्ग से कट गया है। अस्सी गंगा में पानी कम होने के कारण बी.आर.ओ. ने आने-जाने के लिए अस्थाई व्यवस्था कर दी है। लेकिन बरसात के समय पानी का जल स्तर बढ़ने पर क्षेत्रीय जनता तीर्थ यात्रियों व सीमा पर तैनात सेना को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

मेरा केद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से आग्रह है कि गंगोत्री राऐट्रीय राजमार्ग पर क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर पक्का स्थाई मोटर पुल बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें।